



# डॉ .मुखर्जी राष्ट्र प्रथम का चिंतन-समर्पण रखते थे : निलेश भारती

▸ 125वीं जयंती पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं को भाजपा ने दिया डिजिटल प्रमाण-पत्र का प्रशिक्षण

**धार। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर प्रवक्ता, संगठन शिल्पी एवं प्रख्यात शिक्षाविद जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती पर किसान मोर्चा द्वारा मनाए जा रहें पखवाड़ा अंतर्गत किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं का डिजिटल प्रमाण-पत्र प्रशिक्षण और पुष्पांजलि कार्यक्रम सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय में मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाल कर अपने विचार व्यक्त किए।**



इस दौरान किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र पाटीदार, भाजपा नेता मोहन पटेल भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मोर्चा जिला महामंत्री रतन पाटीदार, मंचासिन रहे। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता एवं जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का राष्ट्र प्रथम का चिंतन, त्याग, समर्पण और एकात्म भारत का संकल्प आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्शों से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्टहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसेवा, सामाजिक समरसता एवं सुशासन के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है।



## किसानों तक योजनाएं पहुंचाने का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी कार्यकर्ता विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्यरत हैं। किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की डॉ मोहन सरकार की अनेकों किसान हितेषी जन कल्याणकारी योजनाओं की जन जन पहुंचाए और लाभ दिलाए। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी राजेश वर्मा, विकास शर्मा, खरसोड़ा अनिरुद्ध सिंह ठाकुर, बिजुर शांतिलाल शर्मा, रितेश अग्निहोत्री मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश बिजवा, चंचल पालोडिया सहित क्षेत्रीय किसान व किसान मोर्चा के जिला ओर मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोर्चा जिला मंत्री गजेन्द्र डोडिया ने किया।

# भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रहित को समर्पित...

**मनावर । भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिला द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन साई रेसिडेंसी, मनावर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी थे। विशिष्ट अतिथियों में केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर, जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव तथा नवनियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रंजना बघेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण धार जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार ने की।

मुख्यवक्ता डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, अखंड भारत एवं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पण का प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का पुरजोर विरोध किया था तथा उनके सपनों को साकार करते हुए धारा 370 को हटाया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की रीति-नीति एवं केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक घर तक पहुंचाने बात कही। केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्टहित को सर्वोपरि मानते हुए सेवा, समर्पण और संगठन की भावना से कार्य करता है।

जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं सक्रियता पर बल दिया। स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने बात कही सम्मेलन के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त होने पर श्रीमती रंजना बघेल तथा भाजपा ग्रामीण धार जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर हीरालाल बृजवासी का केंद्रीय मंत्री भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी भाजपा ग्रामीण धार जिला अध्यक्ष द्वारा भाजपा का अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया गया। भाजपा ग्रामीण धार जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर, सिंघाना सह मीडिया प्रभारी अंकित शुक्ला ने संयुक्त जानकारी में बताया कि कार्यक्रम में पूर्व सांसद छतरसिंह दरबार, मुकाम सिंह किराड़े, विनोद शर्मा वीरेंद्र बघेल, जयराम गामड़ मोहन आर्य, धीरज बालेश्वर, लाल सिंह बर्मन तथा हीरालाल बृजवासी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे।

## एक नजर में

### नर्मदाबाई सालसी पड़ोसिया का निधन

**सरदारपुर।** स्वर्गीय मोहनलाल सालसी की धर्मपत्नी और कमलेश पाटीदार अध्यापक एवं मुकेश की माताजी एवं शिवम रोहित की दादी जी नर्मदाबाई सालसी का स्वर्गवास हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे दसई में अपने बड़े पुत्र के यहां अंतिम सांसें ली जिनका अंतिम संस्कार लेड गांव नगर में किया गया जिनके अंतिम यात्रा में पाटीदार समाज एवं रिश्तेदार एवं नगर वासी शामिल हुए सभी ने श्रद्धांजलि दी एवं माता जी को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दें

### स्वास्थ्य केंद्र पर एसडीएम की समीक्षा बैठक



**बाग।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य केंद्र बाग में रविवार कै कुक्षी एसडीएम विशाल धाकड़ ने स्वास्थ्य के माध्यम से चल रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमो लेकर समीक्षा बैठक ली ।इस दौरान ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ नितिन श्रीवास्तव एवं बीपीएम से चर्चा की ताकी कलेक्टर के समक्ष होने वाली सोमवार की टीएल बैठक में अपना प्रदर्शन अच्छा सा कर सकें।ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ नितिन श्री वास्तव ने बताया की हमारे राष्ट्रीय कार्यक्रम जो चल रहे हैं उसी के संदर्भ में 02 जुलाई गुरुवार को विकासखंड की बैठक जिला सीएमएचओ द्वारा भी ली गई और सभी को कार्यक्रम को लेकर अच्छे से समझाइश दी थी ।उसी राष्ट्रीय कार्यक्रम को लेकर यह बैठक थी जिसमें जो राष्ट्रीय कार्यक्रम चल रहे हैं उसमें एंडिगेटर कितने हे केसे क्या है उसमें कम हे ओर इतने कम क्यों हे बाद ही उसमें सुधार केसे किया जा सकता है उसमे सुधार केसे किया जा सकता हे उसे कंटीन्यू केसे कर सकते हैं ।हमारे राष्ट्रीय कार्यक्रम मातृत्व सुरक्षा,शिशु सुरक्षा, टीवी मृत्यु, मातृत्व मृत्यु,एसे विभिन्न कार्यक्रमो पर चर्चा हुई ।

### चोटिया बालोद पंचायत में फर्जी बिलों का खेल

**सरदारपुर ( धार )।** जनपद पंचायत सरदारपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चोटिया बालोद इन दिनों भ्रष्टाचार, मनमानी और गन्दगी के गर्त में डूबी हुई है। पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है। ताज्जुब की बात यह है कि मीडिया द्वारा इस गड़बड़झाले को प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद भी जनपद पंचायत सरदारपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई न करना प्रशासन की इस रहस्यमयी चुप्पी ने भ्रष्टाचार करने वालों के हौसले और बुलंद कर दिए हैं। लोकल दुकानदार दरकिनार, 25 किमी दूर से आ रहे फर्जी बिल नियमों के मुताबिक, पंचायत स्तर पर होने वाले निर्माण कार्यों के लिए सामग्री स्थानीय वेंडरों या दुकानदारों से खरीदी जानी चाहिए ताकि स्थानीय व्यापार को ब?ावा मिले। लेकिन चोटिया बालोद पंचायत में नियम-कायदों को ताक पर रख दिया गया है। स्थानीय दुकानदारों को पूरी तरह नजरअंदाज कर 25 किलोमीटर दूर से सामग्री की खरीदी दिखाई जा रही है। सूत्रों का आरोप है कि दूर-दराज की फर्मों से सांठगांठ कर केवल फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर न तो सही गुणवत्ता की सामग्री आ रही है और न ही काम सही ढंग से हो रहा है। गांव में गंदगी का अंबार, निर्माण कार्यों में धांधली एक तरफ जहाँ पंचायत कागजों पर लाखों रुपये की सामग्री खरीदना दिखा रही है, वहीं दूसरी तरफ गांव की सूरत बदहाल है। नालियां चोक हैं और सड़कों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

### 38 प्रतिभागियों ने किया कला का प्रदर्शन

**इंदौर। प्रेस** क्लब इंदौर में रविवार को केकेसी टैलेंट शो सीजन-1 का आयोजन किया गया, जिसमें 38 प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का आयोजन दीपक पाठक एवं रेखा रावल द्वारा किया गया. आयोजक दीपक पाठक ने बताया कि आगामी 11 अक्टूबर को महान पार्श्व गायक किशोर कुमार की जयंती के साथ केकेसी टैलेंट शो अपने 11 वर्ष पूरे करेगा. इस अवसर पर 12 और 13 अक्टूबर को विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा. उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के विजेताओं को आगामी समारोह में 51,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी. साथ ही कई समाजसेवियों एवं संगीत प्रेमियों ने केकेसी टैलेंट शो के लिए आर्थिक सहयोग (दान) भी दिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय जैन रहे. इस अवसर पर जानकारी दी गई कि केकेसी टैलेंट शो अब तक 12 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा चुका है. कार्यक्रम में सभी 38 प्रतिभागियों ने गायन प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं.



# केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि की अर्पित

**धार।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं धार लोकसभा सांसद सावित्री ठाकुर सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय धार में राष्ट्रपुरुष डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125वीं जयंती के पावन अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने भावपूर्ण श्रद्धांजलि देकर उनके राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक चेतना, अखंड भारत के संकल्प एवं जनसेवा के आदर्शों का स्मरण किया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र पाटीदार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहें। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा की डॉ . मुखर्जी जी का त्याग, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति उनका अटूट संकल्प हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

डॉ . मुखर्जी के विचारों के अनुरूप राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का विरोध करते हुए राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि डॉ . मुखर्जी ने जिस अखंड भारत और सशक्त राष्ट्र का सपना देखा था, वह आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता होने पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्र की मोदी सरकार एवं मध्य प्रदेश की डॉ . मोहन यादव सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है। यदि किसी कार्य में समय लगता है तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है।

# नवागत थाना प्रभारी राजेश यादव ने पदभार किया ग्रहण

**मनावर।** नवागत थाना प्रभारी राजेश यादव ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात स्थानीय पत्रकारों से अपनी कार्य योजना को साझा करते हुए कहा कि आम जनता को भय मुक्त एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों को और सामाजिक तत्वों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरीत और निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा साथ ही साइबर अपराध नशे के कारोबार तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे।



थाना प्रभारी राजेश यादव ने मनावर की जनता से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अपराधीक या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा और सेवा के लिए सदेव प्रयत्नशील हे तथा जनता के सहयोग से ही बेहतर कानून व्यवस्था कायम रखी जा सकती है पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने निष्पक्ष पारदर्शी एवं संवेदनशील का भरोसा दिलाते हुए कहा कि मनावर में शांति सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी पहली प्राथमिकता : रावत

▸ नवागत थाना प्रभारी हिरुसिह रावत ने बाग थाने में पदभार ग्रहण किया

**बाग।** धार जिले में पुलिस विभाग द्वारा प्रशासनिक कार्य सुविधा के लिए गुरुवार को धार पुलिस अधीक्षक सचिन वर्मा ने 12 थानों के प्रभारियों का फेरबदल किया। उक्त कार्रवाई में भाग थाना प्रभारी कैलाश चौहान को धार किया गया था। वहीं नौगांव थाना प्रभारी हिरुसिह रावत को बाग थाने का प्रभारी बनाया गया। उनके बाग थाने पर पदभार ग्रहण करने पर स्टाफ सहित नगर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शहजाद खान भारती बृजमोहन जाजु, जाफर खान मेंव ने नवागत थाना प्रभारी रावत का पुष्पहारों से स्वागत किया।



साथ ही उनके द्वारा सभी से परिचय करते हुए क्षैत्र की कानूनी व्यवस्था को मजबूत और सुदृढ़ बनाने की बात कही गई। पत्रकारो से चर्चा में थाना प्रभारी ने यह भी बताया की बाग शहर में शांति बनाए रखना हमारी पहली जिम्मेदारी है । साथ ही थाने पर आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की शिकायत पर उसे गंभीरता से सुनकर उसका उसके निर्णय तक जाया जावेगा एवं निष्पक्ष कार्यवाही करते हुए सम्मानजनक जवाब देकर उनको सम्मान देना मेरी पहली प्राथमिकता है ।

## सहकारिता सप्ताह का समापन समारोह

**धार।** जिला सहकारी संघ धार एवं दौलत नगर सहकारी साख संस्था दौलत नगर के संयुक्त तत्वाधान में सहकारी सप्ताह के अंतिम दिवस सहकार सभा एवं समापन समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी पी सी धार कमल सिंह ठाकुर, विशेष अतिथि पूर्व अध्यक्ष सद्गुरु साख संस्था गोविंद मुकदम, संस्था उपाध्यक्ष कल्पना डाबर, संस्थापक अध्यक्ष ललित लंभाते, सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य के एल राठौर ,पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक दुग्ध संघ एन के पगारे रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष अंजू जगदाले द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत संस्था संचालक श्री एफ एस जगदाले, श्रीमती उर्मिला, लंभाते ,लक्ष्मी नारायण चावडा, सुनीता पुरोहित, हीरालाल भवर एवं बलवंत सिंह परमार द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्था संचालक एफ एस जगदाले ने संस्था का परिचय देते हुए स्वागत भाषण दिया । सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य श्री के एल राठौर ने सहकारी सप्ताह का मुख्य उद्देश्य बताते हुए सहकारी आंदोलन का वर्तमान परिदृश्य एवं सहकारी संस्थाओं में सदस्यों की भूमिका पर अपने विचार रखें ,पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक श्री एन के पगारे ने सहकार से समृद्धि कैसे आ सकती है विषय पर अपने विचार रखते हुए सहकारी संस्था के सदस्यों को अवगत कराया है कि वह संस्था का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें, सद्गुरु संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्री गोविंद मुकदम ने साख सहकारी संस्थाओं की उपलब्धियां को विस्तार से समझाते हुए मध्य प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम के बारे में बताया, कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री ललित लाभांते ने संस्था की प्रगति पर चर्चा की ।

# लोटस इंटरनेशनल स्कूल में छात्र परिषद चुनाव का सफल आयोजन

**नागदा।** लोटस इंटरनेशनल स्कूल, सादलपुर में दिनांक 6 जुलाई 2026 को छात्र परिषद (Student Council) चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को लोकतंत्र, मतदान के अधिकार तथा निष्पक्ष चुनाव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यालय परिसर में वास्तविक चुनाव की तर्ज पर मतदान केंद्र स्थापित किए गए, जिससे विद्यार्थियों को भारत की चुनाव प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो सके। चुनाव में




सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उम्मीदवारों ने अपने साथियों से मतदान करने की अपील की और लोकतांत्रिक मूल्यों का परिचय दिया।

मतदान के उपरांत मतपेटियों को सुरक्षित रखा गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतगणना की गई। विद्यालय के प्राचार्य राजेन्द्र पटेल ने मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका का निर्वहन करते हुए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित की। चुनाव का संचालन भी विद्यार्थियों द्वारा ही किया गया, जिससे उनमें नेतृत्व, जिम्मेदारी और टीमवर्क की भावना का विकास हुआ।

मतगणना के बाद हर्षित सोलंकी ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर हेड बॉय तथा मेघना पटेल ने भारी मतों से विजय प्राप्त कर हेड गर्ल का पद हासिल किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि शीघ्र ही विद्यालय में का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी निर्वाचित छात्र-प्रतिनिधियों को बैज एवं सैश प्रदान कर उन्हें उनके दायित्वों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना रहा।

एक नजर में ▸ सांवरिया सेठ भक्त मंडल एवं सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस भव्य रथयात्रा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू

# धार में 16 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**धार। ऐतिहासिक नगरी धार में ओडिशा के पुरी की तर्ज पर इस वर्ष भी भगवान श्री जगन्नाथ जी की परंपरागत रथयात्रा आगामी**

16 जुलाई 2026 (गुरुवार) को धूमधाम से निकाली जाएगी। श्री सांवरिया सेठ भक्त मंडल एवं सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस भव्य रथयात्रा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। हाल ही में त्रिमूर्ति नगर स्थितश्री इच्छापूर्ण त्रिवेणी हनुमान मंदिर में आयोजित एक विशेष बैठक में यात्रा की रूपरेखा तय कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

**दोपहर 2.30 बजे भोजशाला से होगा शंखनाद :**



रथयात्रा का शुभारंभ दोपहर 2.30 बजे ऐतिहासिक भोजशाला मंदिर से होगा। यहाँ से भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विशाल रथ पर आरूढ़ होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। भक्त अपने हाथों से रथ की डोरी खींचकर भगवान को नगर के प्रमुख मार्गों से लेकर गुजरेंगे।

**यात्रा मार्ग :**भोजशाला मंदिर, चौपाटी राजवाड़ा चौक ,महात्मा गांधी मार्ग ,आनंद चौपाटी ,जवाहर मार्ग, नरसिंह चौपाटी ,धान मंडी चौराहा ,कश्यप भवन , परशुराम चौक (मोहन टॉकीज ) ,घोड़ा चौपाटी त्रिमूर्ति नगर चौराहा।

**विश्राम व महाप्रसाद :** यात्रा का समापन त्रिमूर्ति नगर स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर पर होगा, जहाँ भगवान की महाआरती, 56 भोग और विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

**भव्य स्वागत और विशेष वेशभूषा-** रथयात्रा मीडिया प्रभारी डॉ. अशोक शास्त्री एवं पंडित अशोक मनोहर जोशी ने बताया कि यात्रा में भजन मंडलियां, घुड़सवार और परंपरागत बैंड-बाजे मुख्य आकर्षण होंगे। इस बार पदाधिकारियों के लिए विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है, जिसमें पुरुष पीला कुर्ता व सफेद धोती और महिलाएं लाल रंग के परिधान में शामिल होंगी।

### इन्हें सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

बैठक में सर्वसम्मति से यात्रा के सफल संचालन हेतु पदाधिकारियों की घोषणा की गई- सरक्षक हिंदू नेताअशोक जैन अध्यक्ष- स्वयं प्रकाश सोनी संयोजक- पंडित संतोष पांडे (विश्व गीता प्रतिष्ठान) रथ संचालन- डॉ. अशोक शास्त्री, अशोक मनोहर जोशी एवं ओमप्रकाश सोलंकी रथ साज-सज्जा- मनीष दुबे एवं अनिल बोरदीया > मोक्ष का मार्ग है रथ की रस्सी खींचना- अध्यक्ष > रथयात्रा अध्यक्ष स्वयं प्रकाश सोनी ने धार नगर की धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार शामिल होने की अपील की है। उन्होंने कहा, ऐसी मान्यता है कि रथयात्रा में जगत के पालनहार के दर्शन करने और अपने हाथों से उनके रथ को खींचने से मनुष्य को पुनर्जन्म के चक्र से मुक्ति मिलती है और सीधे मोक्ष की प्राप्ति होती है।